राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण
बुधवार • 6 मार्च • 2019

बारहवीं का फिजिक्स का पेपर रहा लैंदी

नई दिल्ली (एसएनबी)। देशभर में मंगलवार को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के बारहवीं की फिजिक्स की परीक्षा आयोजित की गई। सब्जेक्ट एक्सपर्ट के अनुसार प्रश्न पत्र संतुलित था और पूरी तरह से एनसीईआरटी सिलेबस पर आधारित था। हालांकि परीक्षार्थियों ने कहा कि पेपर थोड़ा लैंदी व ट्रिकी भी थी। न्यूमेरिकल प्रश्नों को हल करने में समय लगा।

रोहिणी माउंट आबू पब्लिक स्कूल की फिजिक्स की सब्जेक्ट एक्सपर्ट डॉली मदान ने कहा कि फिजिक्स का पेपर संतुलित था। पेपर के कुछ प्रश्न अच्छे समझकर करने वाले थे, जिनको करने में समय की जरूरत थी। परीक्षा में जिन विद्यार्थियों ने अपनी एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तक अच्छे से पढ़ी होगी। उनके अच्छे अंक आएंगे। कुल मिलाकर प्रश्न पत्र लैंदी था और 100 फीसद अंक हासिल करने के लिए समय के प्रबंधन कर परीक्षा करने की जरुरत थी। स्कूल के परीक्षार्थी साहिल जंगरा ने कहा कि पेपर संतुलित था, लेकिन न्यूमेरिकल के प्रश्न लैंदी व ट्रिकी थे। परीक्षार्थी उत्कर्ष कुंवर व प्रणय राणा ने कहा कि पेपर अच्छा था और ज्यादातर प्रश्न एनसीईआरटी आधारित थे और पेपर लैंदी था। सीबीएसई के अनुसार फिजिक्स की परीक्षा देशभर के 4411 केन्द्रों में 6 लाख 60 हजार 159 परीक्षार्थियों के लिए आयोजित की गई। मंगलवार को दसवीं कक्षा के लिए 33 लैंग्वेज विषयों के लिए भी परीक्षा आयोजित की गई। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य रुमा पाठक व पंजाबी बाग स्थित एसी जिंदल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डीके पांडेय ने कहा कि पेपर अच्छा था और इसमें औसत स्तर के परीक्षार्थी भी पास हो जाएंगे, लेकिन जिन्होंने अपनी पाठ्यपुस्तक अच्छे से पढ़ी थी, उनके अच्छे अंक आ सकते हैं।

सब्जेक्ट एक्सपर्ट ने कहा, संतुलित था पेपर

दसवीं की 33 लैंग्वेज विषयों के लिए भी परीक्षा आयोजित की गई